हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | ]

## पटाखा दुकानों का नियम सिर्फ कागज में तीन मीटर की दूरी का नहीं होता है पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली त्योहार के पहले स्थाई और अस्थाई पटाखा दुकानों के लिए गाईड लाइन जारी की गई है। इसके तहत प्रत्येक पटाखा दुकान के बीच की दूरी कम से कम 3 मीटर रखनी होगी यानी एक पटाखा दुकान से दूसरी दुकान की दूरी 3 मीटर होनी चाहिए, लेकिन इसका पालन नहीं होता है।

शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान में नगर निगम द्वारा आवंटित किए जाने वाले पटाखा दुकान की दूरी तीन मीटर नहीं होती। सभी दुकान एक दूसरे से चिपकी हुई रहती है, जो नियम अनुसार गलत है। जिसकी हर वर्ष नगर निगम द्वारा अनदेखी की जाती है।

पटाखा दुकानों की अग्निसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई नियम बनाए गए हैं। जिसमें पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए, पटाखा दुकान एक-दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी पर और एक-दूसरे के सामने न बनाई जाएं, किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होना चाहिए, विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए। जिससे शार्ट-सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए, दुकानें ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके ऊपर से हाईटेंशन पावर लाइन न गुजरती हो, प्रत्येक पटाखा दुकान में पर्याप्त मात्रा में 5 किलो क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र होना चाहिए, दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 500 लीटर्स क्षमता के पानी के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए, पटाखा दुकानों के सामने बाइक, व कार की पार्किंग प्रतिबंधित रखने के साथ ही अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए, लेकिन ऐसा कुछ भी नजर नहीं आता है।



### म्युनिसिपल स्कूल में लगेगी दुकानें

निगम सभागृह में फटाका दुकान के लिये लाटरी के माध्यम से 93 अस्थाई भूखण्ड आबंटन लायसेंसी फटाका व्यवसायियों को किया गया। उक्त आबंटन से नगर निगम को 4 लाख 29 हजार 6 सौ 60 रूपये की आय हुई है। फटाका दुकान म्युनिसिपल स्कूल मैदान में लगाया जायेगा। फटाका दुकान के लिए इच्छुक लायसेंसी फटाका व्यवसायियों को लाटरी के माध्यम से अस्थाई भूखण्ड का आबंटन किया गया। इस वर्ष दुकान लगाने के लिए 99 आवेदन प्राप्त हुये थे, जिसमें से 93 लायसेन्सी फटाका विक्रताओ द्वारा शुल्क का भुगतान किया गया।

### कार्रवाई का प्रावधान

पटाखा दुकानों के लिए बनाई गई शर्तों का पालन नहीं करने वाले दुकान संचालक के विरुद्ध छग अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं अधिनियम 2018 एवं नियमावली 2021 के तहत कार्रवाई का प्रावधान है। हर अग्निशमन विभाग से खुलने वाली स्थाई और अस्थाई पटाखा दुकानों के लिए यह गाईड लाइन जारी की जाती है।

## शराब कोचियों के खिलाफ अभियान, दो पकड़ाए

राजनांदगांव। अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कोचियों के खिलाफ पुलिस ने धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत बसंतपुर पुलिस ने दो आरोपी को पकड़ा। जिनसे 36 पौवा देशी शराब जब्त कर कार्रवाई की गई। वहीं फरार तीन गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में शराब कोचिया के प्रभावी कार्रवाई व गिरफ्तारी एवं स्थायी वारंट की तामीली हेतु चलाए जाने विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### दो से 36 पौवा देशी शराब बरामद

जिसके तहत आज मुखबीर की सूचना के आधार पर आरोपी उज्जवल रजक 20 साल चौखड़ियापारा, शरद अग्रवाल 54 साल निवासी फिरंतिन मंदिर के पास बसंतपुर को अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने से आरोपियों के कब्जे से पृथक-पृथक 18-18 पौवा देशी शराब कुल 36 पौवा देशी शराब जब्त कर धारा 34-ए आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है।

### तीन गिरफ्तारी वारंटी पकड़ाए

पुलिस के अनुसार फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी बैजू कुमार उर्फ कांचा 29 साल निवासी बजरंगपुर नवागांव, अनोज साहू उर्फ गोरखा 48 साल बजरंगपुर नवागांव, राजू साहू 34 साल वार्ड नं. 17 तुलसीपुर को गिरफ्तार कर गिरफ्तार वारंटियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



















## खबर संक्षेप

### आचार्य नरेन्द्र देव 16 को आएंगे

**अंबागढ़ चौकी।** योग गुरु रामदेव बाबा के शिष्य आचार्य नरेन्द्र देव एक दिवसीय योग शिविर में शामिल होने आगामी 16 अक्टूबर को आएंगे। यह शिविर मंगल भवन में रखा गया है। शिविर की सभी आवश्यक तैयारी योग साधकों ने पूरी कर लिया है। योगाचार्य दूसरी बार नगर प्रवास पर आ रहे हैं। वह बीमारियों को ठीक करने के लिए योग, प्राणायाम, आसन बताएंगे।

### साहित्य महोत्सव में अमरोहित सम्मानित

**डोंगरगांव।** मेडिकल कॉलेज रायपुर के पूर्व चिकित्सक एवं साहित्यकार डॉ गीतेश अमरोहित को बैकुंठपुर में आयोजित दो दिवसीय साहित्य महोत्सव में कोसम सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. अमरोहित को यह सम्मान छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी साहित्य लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रदान किया। जिला प्रशासन कोरिया और टीम अभिव्यक्ति द्वारा आयोजित दो दिवसीय साहित्य महोत्सव में डॉ. अमरोहित ने छत्तीसगढ़ का इतिहास, संस्कृति और अनूठी परंपरा विषय पर श्रोताओं को रोचक जानकारी दी।



### मंडी परिसर में विशाल किसान सम्मेलन कल

**डोंगरगांव।** स्थानीय मंडी प्रांगण में 15 अक्टूबर को विशाला किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में किसानों का अधिक उपज वाले बीज, खाद, दवाई का अवलोकन करने मिलेगा साथ ही आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी भी मिलेगी। विद्याश्री कृषि केन्द्र के संचालक और जीवन दीप समिति के सदस्य संदीप जैन ने बताया कि सम्मेलन में दवा बनाने वाली 10, खाद की 5, बीज उत्पादक 15 कंपनियों ने सम्मेलन में शामिल होने की सहमति जताया है। इसके अलावा ट्रेक्टर, कृषि उपकरण बिक्रेता भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में किसानों को कृषि का लाभकारी बनाने, कम लागत में अधिक उत्पादन सहित अन्य विषयों की जानकारी मिलेगी। सम्मेलन में कृषि विभाग के डीडीए टीकमसिंह ठाकुर, एसडीओ श्री देशलहरे सहित अन्य शामिल होंगे। उन्होंने अंचल के किसानों से सम्मेलन में शामिल होने का आव्हान किया है।

### तहसील साहू संघ के गिरवर अध्यक्ष निर्वाचित

**डोंगरगढ़।** तहसील साहू संघ लालबहादुर नगर का चुनाव गत दिनों संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर गिरवर साहू बड़े मतों के अंतर से निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष मीणा साहू, संगठन सचिव उमा साहू, परमानंद साहू निर्वाचित हुए। इस दौरान जिला साहू संघ के कोषाध्यक्ष नोबल साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, कमलेश साहू, रोहित साहू, उभे साहू, हनुमान साहू, महेतरु साहू, इंदल साहू, अश्वनी साहू, रामाधीन साहू, अशोक साहू, शंकर साहू, श्यामदास, मनोज साहू, माखन साहू, शारदा साहू, राजेश साहू, चेतन साहू, गोपी साहू, महादेव साहू, बोधी साहू, भुवन साहू, रोशन साहू, कोमल साहू, मदन गोपाल साहू, बीरेंद्र साहू, प्रभा साहू, हेमलता, मीणा साहू, काजल साहू, अनुसूइया साहू, माहेश्वरी साहू, बसंत साहू पुरषोत्तम साहू, प्रीतम साहू, जैनकुमार, रामकुमार साहू आदि उपस्थित थे।



### आन्ध्रा समाज ने दिया ट्रस्ट को समर्थन

**डोंगरगढ़।** आन्ध्रा समाज ने गत दिनों समाजिक भवन में बैठक का आयोजन किया। बैठक में माँ बम्लेश्वरी समिति से प्राप्त पत्रक का अवलोकन कर पदाधिकारियों ने उस पर विचार विमर्श किया। आन्ध्रा समाज ने ट्रस्ट समिति और पदाधिकारियों को समर्थन देने का निर्णय किया। बैठक में अध्यक्ष जे संतोष राव, एम नागेश्वर राव, बी शंकर राव, ए गोविंद राव, जे नागेन्द्र राव, के कृष्णाराव, पी सूर्याराव, जे गोपालराव, एन नारायण मूर्ति, सुनील बंदारम, के विनायकराव सहित अन्य शामिल हुए।



40 कर्मचारियों को तुरंत भुगतान करने की अपील, सौंपा ज्ञापन

# नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने मांगा बोनस

## दिया अधिनियम का हवाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंडई पंडरिया

आगामी दिवाली त्यौहार से पहले नगर पंचायत गंडई के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने वार्षिक बोनस के भुगतान को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के बैनर तले दिए गए इस आवेदन में सभी 40 प्लेसमेंट कर्मचारियों को तत्काल बोनस देने की मांग की गई है।

प्लेसमेंट संघ के अध्यक्ष नवीन नामदेव द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि सभी 40 कर्मचारी पिछले वित्तीय वर्ष 2024 में 30 दिवस से अधिक कार्य कर चुके हैं, इसलिए वह वार्षिक बोनस के पात्र हैं। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि अब तक उन्हें बोनस की राशि प्राप्त नहीं हुई है, जबकि नगर पंचायत गंडई ही उनका मुख्य नियोक्ता है। कर्मचारी संघ ने श्रम कानून के बोनस संदाय अधिनियम 1965 की धारा (10) और (11) का हवाला दिया है। इस अधिनियम के अनुसार कर्मचारियों को नियमानुसार वेतन का न्यूनतम 8.33 प्रतिशत से लेकर अधिकतम 20 प्रतिशत बोनस वितरित किया जाना चाहिए।




### एक साल से काम कर रहे कर्मचारी

संघ ने यह भी जोर देकर कहा है कि सभी प्लेसमेंट कर्मचारियों को बोनस की राशि प्रदान करने की मुख्य जवाबदारी मुख्य नियोक्ता नगर पंचायत की है। कर्मचारियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से अनुरोध किया है कि वह उचित पहल करते हुए दिवाली से पहले पात्र प्लेसमेंट कर्मचारियों को सालाना बोनस का भुगतान सुनिश्चित करें।

## टीचर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सड़क अतरिया

- पदाधिकारियों ने नेतृत्व का जताया आभार

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसियन ब्लॉक इकाई छुईखदान के अध्यक्ष बलदाऊ जंघेल ने जिला अध्यक्ष संजय सिंह राजपूत की अनुशंसा से ब्लॉक कार्यकारणी घोषित किया है।

कार्यकारिणी में ब्लॉक सचिव मोहन जंघेल, सह सचिव देवीदीन साहू, कोषाध्यक्ष गुलाब पुलत्सय, उपाध्यक्ष हिरांतक द्विवेदी, रविशंकर बंसोड, राजेंद्र सत्येंद्र साहू, छत्रपाल चंदेल, खेमशंकर साहू, खेमराज सिन्हा, कार्यकारणी सदस्य बद्री साहू, निरंजन साहू, नारायण कामड़े, चमरू साहू, केशो साहू, दिनेश जंघेल, चुम्मन साहू, दिलीप पुड़ेटी, पुखराज खुशरो, नंदू खुशरो, पारख दास, घासीराम श्रीवास, सुरेश डोंगरे, देवेन्द्र वर्मा, शिव मरकाम, हेमप्रकाश वर्मा, शिवराम पुलत्स्य, रविप्रकाश तिवारी, मोहन जंघेल, रघुनंदन मरावी है।

महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनिता तिवारी, सचिव ख़ेमिन देवांगन, कार्यकारणी सदस्य अंजना देवांगन, साधना देवांगन, पुष्पलता सूर्यवंशी, मीना जंघेल, शकुंतला धुर्वे, कांति मरावी, आभा नामदेव, इंद्रा सोनी, सुनीता नेताम को बनाया गया है। यह जानकारी जिला प्रवक्ता अनिल गंगे ने दी।

## बताया यातायात नियमों को



**खड़गांव।** थाना प्रभारी संजय यादव ने आमजनों से यातायात नियमों का पालन करने और हेलमेट का सफर के दौरान अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की है। थाना प्रभारी यादव ने यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए जागरुकता अभियान चलाकर गत दिनों लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिना हेलमेट पहने वाहन नहीं चलाना चाहिए वहीं दोपहिया वाहन में तीन सवारी और शराब का सेवन कर वाहन नहीं चलाना चाहिए। यात्रा के दौरान चालक हमेशा अपने पास लाइसेंस और गाड़ी की आरसी बुक, बीमा दस्तावेज अवश्य साथ रखें।

## पुष्प वर्षा से स्वयंसेवकों का महिलाओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तुमड़ीबोड़

मंडल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने संघ के शताब्दी वर्ष निमित्त पथ संचलन का आयोजन किया।कार्यक्रम में आसपास गांव के स्वयंसेवक शामिल हुए। गांव की महिलाओं ने पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

स्वयंसेवकों ने सरस्वती शिशु मंदिर से पंथ संचलन प्रारंभ कर गांव का भ्रमण किया। इस मौके पर विभाग प्रचारक जितेन्द्र शर्मा का उद्बोधन हुआ। कार्यक्रम में विद्या विलास श्रीवास्तव, दिग्विजय शांडिल्य, नीलू साहू, जितेन्द्र सिन्हा, अमरौतन, मंडल भाजपा अध्यक्ष जागेश्वर यादव, झानेंद्र श्रीवास, टीकम पटेल, जितेन्द्र सिन्हा, गणेश्वर सिन्हा, सागर वर्मा, फगवा यादव, टेकाराम सिन्हा, विष्णु साहू, लालचंद सिन्हा, परमेश्वर कंवर, कान्हा यादव, गोकुल सिन्हा, हेमु साहु, सुखदेव सिन्हा, हेमु सिन्हा, डॉ मनोज साहू, निर्मला सिन्हा, तरुण साहु आदि शामिल हुए।



## साहित्य सम्मेलन में गंडई के मिनेश सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंडई पंडरिया

- अंचल के साहित्यकारों आदि में खुशी की लहर

ग्राम पंचायत भुरभुसी निवासी लोक साहित्यकार एवं गीतकार मिनेश कुमार साहू ने अपनी प्रतिभा से अंचल को गौरवान्वित किया है। उन्हें बैकुंठपुर में आयोजित प्रतिष्ठित कोरिया साहित्य महोत्सव के तृतीय सोपान में विद्वान सम्मान से विभूषित किया गया है।

यह सम्मान उन्हें विशुद्ध छत्तीसगढ़ी भाषा में लोक साहित्य और गीत लेखन के लिए प्रदान किया गया है। मिनेश साहू को यह गौरव स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और विधायक भैय्यालाल राजवाड़े ने प्रदान किया। कोरिया साहित्य महोत्सव का आयोजन जिला प्रशासन कोरिया, टीम अभिव्यक्ति, एसईसीएल और साईं नाथ फाउंडेशन के तत्वावधान में 11 और 12 अक्टूबर को किया गया था। मिनेश साहू साहित्य सृजन के क्षेत्र में कविता, शोध आलेख, और पटकथा संवाद के साथ-साथ विशेष रूप से छत्तीसगढ़ी भाषा में गीतों का लेखन कर रहे हैं। उनके लेखन की विशेषता छत्तीसगढ़ी माटी की सुगंध और विशुद्ध लोक संस्कृति है।




### आगामी योजना

उनकी कला साधना जल्द ही बड़े पर्दे पर भी दिखाई देगी। आगामी नवंबर माह में रिलीज़ होने वाली छत्तीसगढ़ी फिल्म प्रेम के बंधन में उनका एक गीत शामिल किया गया है, जबकि एक अन्य छत्तीसगढ़ी फिल्म हाय पैसा में उनके लिखे छह गीत शामिल किए गए हैं। भविष्य में भी उनकी कलम से अनेक छत्तीसगढ़ी फिल्मों में विशुद्ध छत्तीसगढ़ी लोक गीत सुनने को मिल सकते हैं। मिनेश साहू ने बताया कि वह अपने प्रेरणास्रोत लोक साहित्यकार डॉ. पीसी लाल यादव, स्व लक्ष्मण मस्तूरिया, स्व पवन दीवान, स्व हरि ठाकुर सहित कई अन्य के पदचिन्हों पर चलते हुए लोक साहित्य के साधक बनकर छत्तीसगढ़ी भाषा की सेवा कर रहे हैं।




## श्रमदान कर नेहरू स्टेडियम की सफाई की

- खिलाड़ियों और नागरिकों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर के आह्वान पर रविवार को महाविद्यालय स्टेडियम में सामूहिक श्रमदान किया गया। महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन के निर्देशन एवं प्राचार्य डॉ ईवी रेवती के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मार्निंग क्लब के सदस्य, फिजिकल फिटनेस के विद्यार्थी, खिलाड़ियों एवं नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने अव्यवस्थित मैदान को साफ कर खेलने योग्य बनाने में अपना सहयोग दिया।



कुछ दिन पूर्व खेल विभाग ने नगर पालिका अध्यक्ष से मैदान की सफाई का निवेदन किया था, जिसे संज्ञान में लेते हुए नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे ने लोक निर्माण विभाग एवं नगर पालिका के कर्मचारियों के माध्यम से मैदान की सफाई कराया था।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नाकोत्तर पास छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए

# फायर एवं सेफ्टी औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ (2025-2026)



## AVAILABLE COURSES

- Fire Technology & Industrial Safety
- Industrial Safety Management
- Health Sanitary Inspector
- Sub Fire Officer
- B.sc in Fire, safety
- PG in Fire Technology & Industrial Safety
- Certificate in Fireman
- (PDIS) POST DIPLOMA in Industrial safety
- (ADIS) ADVANCE DIPLOMA in Industrial safety







गरीब निम्न वर्ग के विद्यार्थियों के लिए
प्रशिक्षण शुल्क में छूट

एडमिशन हेल्पलाइन :
76972-12782

FSDMI
अहं अस्मि रक्षकः

## फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट

मान्यता प्राप्त संस्था भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) निजी प्रशिक्षण संस्थान

1- FSDMI कैंपस :- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गदा चौक, नजदीक अंबेडकर चौक, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
2- FSDMI कैंपस :- प्लॉट नंबर 766 वार्ड-11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490023

fsdmi cg fsdmi bhilai fsdmi_bhilai

12 वर्षो से आपकी सेवा में




# बढ़े हुए बिजली बिल को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, गेट पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बढ़ी हुई बिजली की दरें, चार सौ यूनिट तक की छूट समाप्त करने और स्मार्ट मीटर के विरोध सहित बार-बार बिजली बंद होने की समस्या को लेकर आज कांग्रेस कमेटी द्वारा बिजली दफ्तर का घेराव करते गेट पर तालाबंदी की गई।



बढ़ी हुई बिजली बिल से त्रस्त जनता को राहत देने की मांग करते आज कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कैलाश नगर स्थित बिजली ऑफिस का घेराव किया। यहां कांग्रेसियों ने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते बिजली बिल में बढ़ोत्तरी को लेकर बिजली ऑफिस के गेट पर ताला लगा दिया। इस दौरान गेट पर ही प्रदर्शन करते कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, अल्प संख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष हफीज खान, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, अमित चंद्रवंशी सहित कांग्रेस के विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित करते कहा कि कांग्रेस शासन काल में 400 यूनिट तक की छूट दी गई थी। जिससे जनता को काफी राहत था।

इस योजना को भाजपा की सरकार ने बंद कर दिया है। वहीं बिजली दरों में बढ़ोत्तरी कर दी गई है। जिसकी वजह से जनता को दोगुना बिजली का बिल आ रहा है।

## कांग्रेसी हुए शामिल

कांग्रेस के इस प्रदर्शन के दौरान शारदा तिवारी, रमेश डाकलिया, इकरामुद्दीन सोलंकी, झम्मन देवांगन, पंकज बांधव, माया शर्मा, आसिफ अली, अशोक फड़नवीस, अमीन हुद्दा, बबलू कसर, अभिमन्यु मिश्रा, आफताब अहमद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए।

## अभाविप की कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छुईखदान नगर इकाई की नई कार्यकारिणी शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर में घोषित की गई। भारत माता के जयकारों के साथ कार्यक्रम की शुरुवात हुई। विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सहमंत्री अमन ब्रिज नामदेव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गुलशन भगत की उपस्थिति में कार्यकारिणी घोषित किया गया। सुश्री विजय लक्ष्मी पंसारी को पुनः अध्यक्ष पद प्राप्त हुआ। नगर अध्यक्ष ने नगर मंत्री ओम महोबिया को बनाया। नगर सहमंत्री लक्की चंद्राकर, द्वारका देवांगन, हेमा देवांगन, खेमराज पाल को बनाया गया है। निर्वाचित नगर मंत्री से सभी का अभिवादन किया। इस दौरान तुषार जंघेल, नित्या वैष्णव, सागर श्रीवास्तव, अर्णव सिंह, एकलव्य श्रीवास, प्रवीण नेताम, देवानंद, टीकम रजक, निश्चय कामड़े, सोमदेव, मयंक अन्य मौजूद थे।

# दो पिकअप वाहन में मवेशी ले जाते पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दो पिकअप वाहन में मवेशियों को भरकर ठूंस-ठूंस कर ले जाया जा रहा था, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर 7 मवेशी को बरामद किया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 13 अक्टूबर को गौरक्षा दल व अन्य लोगों से पुलिस को सूचना मिली कि दो पिकअप वाहन में मवेशियों को ठूंस-ठूंसकर भरकर बिना दाना-पानी, बिना चिकित्सा प्रमाण पत्र के कत्लखाना ले जाया जा रहा है, जिसे ग्राम तुमडीबोड़, नाथूनवागांव तिराहा मोड के पास दोनों पिकअप को रोका गया। जिसमें एक में 3 भैंस एवं एक भैंस का बच्चा कुल 4 नग मवेशी एवं दूसरे वाहन में 3 नग भैंस मवेशी बरामद किया गया। पुलिस द्वारा इस मामले में आरोपी चालक व सहयोगी से नाम-पता पूछने पर अपना नाम विश्वदीप बंजारी 28 वर्ष टेकेपार, राजुश मोहनकर 27 वर्ष साकिन ग्राम झबाडा, सौरभ लेंडारे 21 वर्ष ग्राम वाकेश्वर, सुचित रामटेके 19 वर्ष गोल्लेबाडी निवासी होना बताया। पुलिस ने उक्त चालक व सहयोगी आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा 4, 6, 10, छग कृषक पशु,परि.अधि. एवं पशु के प्रति क्रूरता के निवारण अधि. 1960 की धारा 11 का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

## निधन

### किरणदेवी



**राजनांदगांव।** आदर्श ग्राम सुरगी निवासी किरणदेवी पारख का आकस्मिक निधन हो गया है। श्रीमती पारख वरिष्ठ भाजपा नेता त्रिलोकचंद पारख की धर्मपत्नी थी। वह अपने पीछे सुपुत्र धर्मेंद्र पारख, पप्पू पारख सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनका गांव की मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें परिवारजन व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# जिलाध्यक्ष चयन पर कार्यकर्ताओं में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष के मनोनयन को लेकर कार्यकर्ताओं में रोष का माहौल है। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश संगठन के पदाधिकारी पर नियम तोड़कर पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर मनमाने ढंग से जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त करने का आरोप लगाया है।

आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय प्रभारी सर्वजीत सिंह भाटिया का कहना है कि केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के चयन प्रक्रिया को राजनांदगांव में पूरी तरह से नजर अंदाज किया गया है। कोर कमेटी द्वारा जो नाम पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी को लिखित में जिले के कमेटी के सदस्यों के हस्ताक्षर कर सर्वसम्मति से भेजा गया था, उसे अनदेखा कर प्रदेश के संगठन के पदाधिकारी ने पैसे के बल पर कुछ महीने पूर्व पार्टी में शामिल हुए व्यक्ति को जिला अध्यक्ष बना दिया है। उन्होंने इसे पार्टी के सिद्धांतों के खिलाफ बताते गहरी नाराजगी व्यक्त की है।

उनका कहना है कि यदि इस निर्णय को प्रदेश के पदाधिकारी द्वारा वापस नहीं लिया गया तो जिले के बहुत से कार्यकर्ता पार्टी छोड़ने मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि मेहनतकश और जमीनी लोगों को दरकिनार कर केवल आर्थिक ताकत और रसूख वाले लोगों को अहम जिम्मेदारियां दी जा रही है।

## बैठक 16 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत-सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 16 अक्टूबर 2025 को शाम 4.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में एजेंडावार विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

# मोपेड़ में अवैध रूप से शराब का परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोपेड में अवैध रूप से शराब का परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे गोल्डन गोवा सुपीरियर अंग्रेजी शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। वहीं अशांति फैलाने के आरोप में एक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा जिले में अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुंडा बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

## 30 पौवा अंग्रेजी शराब बरामद

अभियान कार्रवाई में चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 12 अक्टूबर की रात्रि में शराब बिक्री हेतु मोपेड में अवैध रूप से शराब परिवहन कर ले जाने के संबंध में सूचना के आधार पर मोपेड को चिखली ओवरब्रिज के पास रूकवाकर तलाशी ली गई, जिस पर आरोपी शुभम मंडावी 19 साल साकिन स्टेशनपारा के कब्जे से मोपेड के डिक्की में 30 पौवा गोल्डन गोवा सुपीरियर अंग्रेजी शराब कीमती 3600 रुपए का बरामद होने पर उक्त वाहन एवं 30 पौवा गोल्डन गोवा सुपीरियर अंग्रेजी शराब कीमती 3600 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## अन्य मामले में कार्रवाई

पुलिस के मुताबिक इस क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे सतत अभियान के तारतम्य में चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं वाद-विवाद की सूचना के आधार पर 13 अक्टूबर को आवेदक व गवाहों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर बदमाश धनराज मरकाम उर्फ गोलू 31 साल वार्ड नं. 5 शासकीय प्रेस के सामने को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।




ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™
JOHN DEERE
पुष्य नक्षत्र
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
कमाल की कीमत पर
अपना मन पसंद जॉन डियर ट्रेक्टर
अपने घर लेकर जाए
5050
4WD
क़ीमत नहीं, गुणवत्ता बताती है असली पहचान!
सबसे आसान फाइनेंस के साथ !
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
सभी कंपनीयों के पुराने ट्रेक्टर उपलब्ध।
अधिकृत विक्रेता
जैन मोटर्स
स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर बाजू में, राजनांदगांव- 9827953976
अंबागढ़ चौकी- 8103024569 | मानपुर - 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क-9977184777, 8120006476, 9406011166 | सर्विस- 8120006480, 8120001601

## खेल भावना और जोश से गुंजा कवर्धा, राज्य के खिलाड़ियों ने दिखाया दम, दुर्ग संभाग रहा अव्वल

# जिले में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता उत्साहपूर्ण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्वामी करपात्री जी स्टेडियम, कवर्धा में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का समापन समारोह उत्साह और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। चार दिवसीय आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं समापन समारोह के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू उपस्थित थे, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, नपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गनपत बघेल तथा श्रीमती सतविंदर पाहूजा उपस्थित थें।

मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं केवल खेल-कूद तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि ये हमारे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनती हैं। खेलों से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, परिश्रम और टीम भावना का समावेश होता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का आधार है। उन्होंने कहा कि मैदान में हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण है भागीदारी की भावना और खेलभावना के साथ आगे बढ़ना।

उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता और सहयोग की भावना को विकसित करते हैं। यही गुण आगे चलकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान देते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे खेल के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रौशन करें। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा खेल प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाओं को भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्राप्त हो रहा है।

उन्होंने जिले में खेल अधोसंरचना के विकास की सराहना करते हुए कहा कि कवर्धा जैसे जिलों से अब राज्य स्तरीय नहीं बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे। पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी का उत्साह, अनुशासन और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। हार-जीत से ऊपर उठकर यदि आप खेल की भावना से आगे बढ़ेंगे, तो सफलता स्वयं आपके कदम चूमेगी।

वहीं कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए आवास, परिवहन, चिकित्सा, सुरक्षा एवं पेयजल जैसी सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित किया गया। प्रतिभागी बालकों के लिए आवास व्यवस्था स्वामी करपात्री जी विद्यालय, स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल, हाई स्कूल सत्तीवार्ड, हाईस्कूल कैलाश नगर एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय कवर्धा में की गई। तथा बालिकाओं के लिए आवास व्यवस्था स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रानीदुर्गावती चौक, होलीक्रॉस हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर में की गई।

अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए जिला ग्रंथालय कवर्धा में आवास की सुविधा दी गई। प्रतिभागियों के परिवहन के लिए रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, अभ्युदय स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, होली किंगडम, गुरूकुल पब्लिक स्कूल, श्रीराम पब्लिक स्कूल व शिशु मंदिर एवं अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा का सराहनीय सहयोग रहा।



### खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 10 से 13 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 05 खेल क्षेत्रों से आए 220 बालक व 220 बालिकाएं तथा 150 ऑफिसियल्स सहित लगभग 590 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और जीत हासिल की। व्हॉलीबॉल बालक, 17 वर्ष में विजेता टीम रायपुर, उपविजेता दुर्ग, तृतीय बस्तर तथा व्हॉलीबॉल बालिका 17 वर्ष विजेता बस्तर, उपविजेता रायपुर, तृतीय दुर्ग व सॉफ्टबॉल में बालक 17 वर्ष विजेता दुर्ग, उपविजेता बिलासपुर तथा तृतीय स्थान रायपुर रहे। सॉफ्टबॉल बालिका 17 वर्ष जिसमें विजेता दुर्ग, उपविजेता बिलासपुर व तृतीय रायपुर, हैंडबॉल बालक 19 वर्ष विजेता दुर्ग, उपविजेता बिलासपुर व तृतीय रायपुर साथ ही साथ हैंडबॉल बालिका 19 वर्ष विजेता दुर्ग, उपविजेता बस्तर व तृतीय सरगुजा रहा। वहीं ओवरऑल चैम्पियनशिप में दुर्ग संभाग ने 25 अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा रायपुर संभाग ने 14 अंक के साथ द्वितीय वहीं बस्तर संभाग ने 10 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।



# सरकारी भवन रंग-रोंगन के अभाव में खंडहर में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया क्षेत्र में कई शासकीय स्कूल भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र व शासकीय उचित मूल्य की दुकान न जाने कितने सरकारी विभागीय भवन है जो वर्षो से साफ सफाई व रंग-रोंगन नहीं हुआ है। जो की वर्तमान स्थिति में कई शासकीय भवन देखरेख व साफ-सफाई तथा रंग-रोंगन के अभाव में जर्जर व खंडहर में तब्दील हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि शासन-प्रशासन द्वारा मूलभूत जैसे सुविधा स्वीकृत राशि पैसा जारी होता है, लेकिन जिम्मेदारों की भारी अनदेखी व अनियमितता तथा स्वीकृत राशि का बंदरबाट होने से क्षेत्र के कई शासकीय भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, ग्राम पंचायत भवन तथा उचित मूल्य की दुकान खंडहर में तब्दील होते नजर आ रहे है। जिस पर ग्रामीणों ने दीपावली पर्व के पूर्व रंग-रोंगन की मांग की गई ताकि सरकारी भवन व आंगनबाड़ी केन्द्र तथा स्कूल भवन फिर से एक बार चमक उठें।

### रंग-रोंगन कार्य की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन रंग-रोंगन व दीवाल लेखन तथा ज्ञान वर्धक साथ ही साथ सुंदर व मनमोहक चित्रकला के अभाव में शासकीय भवन फीकी व पुरानी खंडहर नजर आ रही है।

# हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट लगाना भूले जिम्मेदार चबूतरा बनाकर छोड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवडन खुर्द बरबसपुर, बीजाझोरी, डबराभाट, सारंगपुर खुर्द में सौर ऊर्जा योजना के तहत हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट का चबूतरा बनाकर छोड़ देने से समझा जा सकता हैं। जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों की भारी अनदेखी से ग्रामीण रहवासियों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट के लिए क्षेत्र में चबूतरा का निर्माण कार्य किया गया लेकिन वर्षो से चबूतरा शोपीस व पशु शेड के लिए उपयोग किया जा रहा है। वहीं स्ट्रीट लाइट चबूतरा आधा अधूरा निर्माण कार्य होने से ग्रामीण रहवासियों को बुनियादी सुविधा लाभ से वंचित नजर आ रहे है। यहां बताना लाजिमी होगा कि शासन प्रशासन द्वारा लाखों रूपए की लागत राशि से निर्मित अधूरा हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता से जिले में वर्षो पूर्व हाई मास्ट लाइट लगाने के लिए चबूतरा बनाया गया हैं। लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण प्रमुख मुख्य चौक-चौराहे दिन ढलते ही अंधेरा पसरा रहता है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदार व विभागीयअधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए न क्रीड़ा विभाग तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियो से मांग की गई ताकि बुनियादी सुविधा मिल सके।

# किसान कांग्रेस व हजारों किसानों ने घेरा पंडरिया एसडीएम कार्यालय

## मुख्यमंत्री के नाम दिया गया 9 सूत्रीय ज्ञापन

- 10 दिवस में यदि गन्ने का मूल भुगतान नहीं हुआ तो करेंगे मुख्यमंत्री आवास का घेराव: अभिषेक मिश्रा ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया क्षेत्र सहित पूरे जिले में गन्ना प्रमुख फसल के रूप में उत्पादन किया जाता है, जिसके लिए जिले में 2 शासकीय शक्कर कारखाना व लगभग 400 से अधिक गुड़ फैक्ट्रियां संचालित है, एक ओर जहां गुड़ फैक्ट्री संचालकों द्वारा गन्ना बेचने के तुरंत बाद किसानों को नगदी में भुगतान कर दिया जाता है वही दूसरी ओर सहकारी शक्कर कारखाने की हालत ऐसी हो चुकी है कि गन्ना बेचने के 10 महीने बीत जाने बाद भी आज तक किसान अपने भुगतान का इतेजार कर रहे है। इस बीच विपक्षी दलों व किसान संघो के द्वारा कई बार कारखाना घेराव, चक्काजाम व आंदोलन किए जा चुके है पर किसानों के जेब अभी भी खाली है। वहीं 10 माह बाद नया पेराई सत्र नजदीक है जिसके बाद आज जिला किसान कांग्रेस के नेतृत्व में हजारों किसानों के द्वारा आम सभा आयोजित करने के बाद पंडरिया एसडीएम कार्यालय का घेराव कर गन्ने की भुगतान सहित राजस्व के मामलों में सुधार की मांग को लेकर 9 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम से दिया गया।

जिस पर किसान कांग्रेस के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में किसान शामिल हुए जहां किसानों के प्रतिनिधि के रूप में छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, संगठन महामंत्री अकील हुसैन, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सहित प्रदेश व जिला स्तर के सभी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि को आड़े हाथ लिया। किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज पंडरिया क्षेत्र के गन्ना किसानों की स्थिति देखकर मन मे बहुत ही पीड़ा हो रहा है, कि कैसे यहां के किसान अपने ही उत्पादन का मूल्य पाने के लिए पिछले 10 महीनों से भटक रहे है, किसानों की स्थिति भाजपा की विष्णु देव साय सरकार में बहुत ही दयनीय हो चुकी है। प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी 10 दिनों में यदि गन्ने का पूर्ण भुगतान नहीं हुआ तो रायपुर में मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर अपना अधिकार लेंगे।



जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष किसान नेता रवि चंद्रवंशी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं एक किसान का बेटा हूँ, किसानों का दुःख मेरा दुःख, आज जिस तरह से हम किसानों को गन्ने के भुगतान के लिए भटकाया जा रहा है, राजस्व कार्यालयो में छोटे से संसोधन के नाम पर पेशी के ऊपर पेशी दिया जा रहा है, बिजली बिल कई गुना बढ़कर आ रहा है यह सब वर्तमान भाजपा सरकार की विफलता है। रवि चंद्रवंशी ने कारखाना प्रबंधन और सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ये लोग किसानों के सब्र का इम्तिहान न ले जिस दिन किसान अपने अधिकारों के लिए सड़क पर आ गए उस दिन इन सब को अपना कुर्सी छोड़ना पड़ जाएगा। इस दौरान प्रमुख रूप से किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, अकील हुसैन, दीपक पांडेय, झम्मन बघेल, जोगेंद्र पांडेय, नीलकंठ चन्द्रवंशी, जिला व ब्लॉक पदाधिकारी सहित वरिष्ठ कांग्रेसी, ब्लॉक, मंडल, सेक्टर, बूथ कमेटी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## ग्रामीण दीपावली पर्व की तैयारी में जुटें घरों की सफाई व रंग-रोगन जोरों पर



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों गांव-गांव में ग्रामीण व क्षेत्रवासी कच्चे मकान की छपाई व घरों की साफ सफाई तथा रंग-रोंगन कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर गांव-गांव पहुंच कर कुम्भकार मिट्टी के दिए बनाकर बेचने पहुंच रहे है। जिससे कुम्भकार परिवार की अच्छी-खासी कमाई हो रही है। बताया जाता है कि दीपावली पर्व में मिट्टी के दिया का विशेष महत्व होता है, शहर सहित क्षेत्र में दीपावली पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाता है। पर्व पर लक्ष्मी पूजन कर घर-आंगन व द्वार तथा धार्मिक स्थलों के सभी जगह मिट्टी के दिए से रौशन किया जाता है, जिसे शुभ माना जाता है। मिली जानकारी के अनुसार दीपावली पर्व के अवसर पर घरों की साफ-सफाई व विभिन्न प्रकार की रंग-रोगन से घरों और तुलसी चौरा को सजाया जाता है ताकि दीपावली का त्यौहार पांच दिनों तक हर्षोल्लास व धूमधाम मनाया जाएगा। वहीं सबसे ज्यादा उत्साह छोटे-छोटे नन्हे-मुन्हे बच्चों में उत्साह देखा जा रहा है। दीपावली पर्व 18 अक्टूबर शनिवार को धनतेरस, 19 अक्टूबर रविवार छोटी दिपावाली नरक चतुर्थी, 20 अक्टूबर सोमवार दीपावली लक्ष्मी कुबेर पूजा और 22 अक्टूबर बुधवार को गोवर्धन पूजा व 23 अक्टूबर गुरुवार को भाई दूज मनाया जाएगा। वहीं दीपावली पर्व को लेकर तैयारियों व भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## जुनवानी जंगल स्कूल में साइकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सहसपुर लोहारा

वनांचल ग्राम जुनवानी जंगल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 19 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। यह योजना उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने तथा विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि गोपाल खुसरो, अध्यक्षता भाजपा नेता देवदास मानिकपुरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में आशिक यादव अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति अमरलाल धुर्वे, राजेंद्र खुसरो, संतोष दास मानिकपुरी उपस्थित थें। कार्यक्रम में भाजपा नेता देवदास मानिकपुरी ने कहा कि मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना से ग्रामीण अंचल की बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा मिल रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं व पालक गण उपस्थित थें।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम**

**ईश्तहार**

अ/2, वर्ष 2024-25
ई कोर्ट नंबर.............
क्रमांक/2715/अ.वि.अ./ प्रवा 01/2025
कवर्धा, दिनांक 06/10/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं नगरवासीगण कवर्धा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रिंकी पति श्री पंकज निवास का पताः- कवर्धा, तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ द्वारा अपने नाम के स्वामित्व की ग्राम कवर्धा प.ह.नं.13, रा.नि.म. कवर्धा, तहसील कवर्धा स्थित भूमि खसरा नम्बर 860/9 रकबा 0.0140 हेक्टे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने से जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो सुनवाई 24/10/25 को प्रातः 05.30 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं।

आज दिनांक 06/10/25 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी ।

पेशी दिनांक - 24.10.2025
जारी दिनांक - 06.10.2025

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
कवर्धा
जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम**

**ईश्तहार**

अ/2, वर्ष 2024-25
ई कोर्ट नंबर.............
क्रमांक/2716/अ.वि.अ./ प्रवा 01/2025
कवर्धा, दिनांक 06/10/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं नगरवासीगण कवर्धा को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंकज पिता भागवत निवास का पताः- कवर्धा, तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ द्वारा अपने नाम के स्वामित्व की ग्राम कवर्धा प.ह.नं.13, रा.नि.म. कवर्धा, तहसील कवर्धा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 860/3 रकबा 0.0140 हेक्टे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने से जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो सुनवाई 24/10/25 को प्रातः 05.30 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं।

आज दिनांक 06/10/25 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी ।

पेशी दिनांक - 24.10.2025
जारी दिनांक - 06.10.2025

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
कवर्धा
जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़


## डड़सेना कलार समाज का श्री सहस्त्रबाहु जयंती 28 अक्टूबर को मनाई जाएगी

**हरिभूमि कवर्धा।** डड़सेना कलार समाज के जिलाध्यक्ष रुपेन्द्र जायसवाल के अध्यक्षता में रविवार को जिला स्तरीय सामाजिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले व जिले के चारो परिक्षेत्र के समस्त पदाधिकारीगण एवं सामाजिक जन बहुत संख्या में उपस्थित थें। वहीं सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा सप्तमी तिथि को समाज के इष्टदेव भगवान श्री सहस्त्रबाहु की जयंती 28 अक्टूबर को बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम कवर्धा के भारत माता चौक मां महामाया मंदिर के सामने आयोजित की जाएगी। जिसमें सुबह 10 बजे से श्री सत्यनारायण कथा पूजन, दोपहर 4 बजे से महाप्रसाद भंडारा एवं 5 बजे से संध्या कालीन भजन संध्या का आयोजन एवं शाम 5.30 बजें से (गोधूलि बेला) में भगवान श्री सहस्त्रबाहु की महाआरती का आयोजन किया जाएगा। जिसमे जिलेभर के समस्त स्वजाति सम्मिलित होंगे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने समाज के जिलाध्यक्ष रूपेन्द्र जायसवाल सभी स्वजाति को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर तन-मन-धन से सहयोग देने का आह्वान किया है।

## क्षेत्रवासी आज करेगें बीकेश कुर्रे का भव्य स्वागत



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम गिरधारी कांपा निवासी बिकेश कुर्रे पिता सुरेश कुमार कुर्रे असम राइफल सात माह ट्रेनिंग के बाद आज मंगलवार को 2:00 बजे भारत माता चौक कुण्डा पहुंचेगें। जहां भारत माता का विधि-विधान से पूजा अर्चना कर देश-प्रदेश के लिए सुख, शांति, समृद्धि व खुशहाली के लिए कामना करेंगें। जिस पर जनपद सदस्य चंद्रभान गायकवाड़ ने बताया कि बीकेश कुर्रे का ग्रामीण क्षेत्रवासी जिसमें ग्राम प्रतापपुर, जंगलपुर, रापा व पेंड्रीकला में गाजा-बाजे व फूल-माला से भव्य स्वागत किया जाएगा। तत्पश्चात गृह ग्राम गिरधारी कापा पहुंचेगें। जिसके भव्य स्वागत की तैयारियों जोर-शोर से किया जा रहा है। जिस पर सुरेश कुमार कुर्रे, रमेन बंजारे, पिंटू बंजारे, मेहरू, रघुनाथ, पूर्व धर्मराज, धर्मेंद्र गावस्कर, प्रिया दास, संतोष, बाबी देओल, अर्जुन धृतलहरे एवं गिरधारी कापा सहित क्षेत्रवासी शामिल होंगें।




## खबर संक्षेप

### कवर्धा में प्लेसमेंट कैंप 15 अक्टूबर को

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के आईटीआई के छात्रों जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है उन्हे अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शासकीय आईटीआई कवर्धा मे 15 अक्टूबर 2025 को 10 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे जीनस पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा पद टेकनिशियन सुपरवाइजर के 100 से अधिक पद पर प्लेसमेंट किया जाएगा।

### कोडापुरी स्कूल में किया गया सामाजिक अंकेक्षण

**कवर्धा।** राज्य शासन द्वारा घोषित मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के तहत शिक्षा व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोडापुरी में भी शिक्षा की गुणवत्ता का विस्तृत सामाजिक अंकेक्षण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य बसंत डोरे ने बताया कि जिले के प्रत्येक विद्यालय में पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है, जो विद्यालयों में पहुंचकर 20 बिंदुओं पर विद्यार्थियों से प्रश्न पूछकर शिक्षा स्तर का मूल्यांकन कर रही है। इनमें विगत तीन वर्षों का बोर्ड परीक्षाफल, गृहकार्य की नियमितता, प्रयोगशाला और पुस्तकालय का उपयोग, विद्यालय भवन में उपलब्ध सुविधाएं, शिक्षण पद्धति और विद्यार्थियों की समझ जैसी बातें शामिल हैं।

**प्रदर्शन:** प्रदर्शनकारी नहीं भेद पाए पुलिस प्रशासन का सुरक्षा घेरा

# गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी व भीम आर्मी ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

इसे शहर की सुरक्षा के मद्देनजर उठाया गया कदम कहें या फिर बलौदाबाजार कांड की दहशत, पुलिस प्रशासन द्वारा गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी और भीम आर्मी के संयुक्त रूप से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को किए जाने वाले जिला कार्यालय घेराव तथा पुतला दहन कार्यक्रम को लेकर जिस ढंग से कवर्धा नगर को छावनी में तब्दील कर बैरिकेटिंग की गई और बल तैनात किया गया वह लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा है।

लोगों के बीच इस बात को लेकर भी चर्चा है कि आखिर जिला पुलिस प्रशासन को ऐसे कौन सी गोपनीय सूचना मिली थी जिसके चलते उसे इतनी सख्त और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करनी पड़ी। गौरतलब है कि गोंड़वाना समाज एवं भीम आर्मी द्वारा मुख्य रूप से गोंड़वाना गढ़ किल्ला प्रतापगढ़, कामठी में हाल के दिनो में हुई घटना, जिला मुख्यालय कवर्धा में आदिवासी युवति के साथ हुए सामुहिक दुष्कर्म की घटना में संलिप्त आरोपियों के घरों में बुलडोजर चलाने, पीड़िता को मुआवजा और सरकारी नौकरी देने, डोंगरगढ़ ट्रस्ट के फर्जी आरोप के विरोध में तथा नवागढ़ जिला-बेमेतरा में एससी समाज के युवक की निर्मम हत्या की सीबीआई जांच की मांग को लेकर सोमवार को जिला कार्यालय घेराव तथा पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित कर शासन-प्रशासन को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौपने का ऐलान किया था।

लेकिन गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी और भीम आर्मी के इस संयुक्त आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन ने ऐसा सुरक्षा घेरा तैयार किया मुठ्ठी भर प्रदर्शनकारी ही जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंच पाए। बताया जाता है कि जितनी तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था पुलिस प्रशासन ने जिला मुख्यालय कवर्धा में कर रखी थी उतनी ही मुस्तैदी जिले के दूसरे थाना क्षेत्रों में भी दिखाई गई और भीड़ को जिले में नहीं आने दिया गया। प्रदर्शनकारी के रूप में मुख्य रूप से जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचे डॉ. जे लिंगो, कामू बैगा सहित गोंडवाना गणतंत्र पार्टी तथा भीम आर्मी के अन्य पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा आदिवासी तथा दलित, पिछड़ों की आवाज को दबाने का प्रयास किया है। उन्होने कहा कि हमारे द्वारा इससे पूर्व भी अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर शांति पूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन, घेराव आदि किया गया है लेकिन हमने इससे पूर्व ऐसी तानाशाही और सुरक्षा घेरा नहीं देखा। भगवान जाने क्यों शासन प्रशासन इस तरह स्थिति उत्पन्न कर भय का माहौल बनाना चाहती है। बाद में गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी और भीम आर्मी ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अपनी मांगों को लेकर स्थानीय भारत माता चौक में पुतला दहन किया और शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा।





### कई स्कूलों में समय से पहले कर दी गई छुट्टी



गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी और भीम आर्मी के 13 अक्टूबर को प्रस्तावित इस घेराव और पुतला दहन कार्यक्रम को लेकर कुछ ऐसी स्थिति निर्मित कर दी गई कि शहर के कई स्कूलों में समय से पहले की बच्चों की छुट्टी कर दी गई। वहीं शहर के कई मार्ग बाधित कर दिए गए। पुलिस प्रशासन द्वारा जारी ट्रैफिक एडवाइजरी के अनुसार, कलेक्ट्रेट मार्ग और आसपास के इलाकों में अस्थायी यातायात प्रतिबंध कर दिया गया। जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताया तो ये भी जा रहा था कि एम्बुलेंस को भी जिला अस्पताल तक पहुंचने में भारी कठनाईयों का सामना करना पड़ा।

### सैकड़ों की संख्या में तैनात रहे पुलिस जवान व अधिकारी

पुलिस प्रशासन द्वारा गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी और भीम आर्मी के 13 अक्टूबर को प्रस्तावित इस घेराव और पुतला दहन कार्यक्रम को लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा में सैकड़ों की संख्या में पुलिस जवान और अधिकारी तैनात किए गए थे। स्थिति ये थी की प्रदर्शनकारियों से कई गुना ज्यादा पुलिस फोर्स नजर आ रहा था। यह भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

# भोरमदेव शक्कर कारखाना नियमित कर्मचारी संघ की हड़ताल स्थगित

## प्रबंध संचालक से चर्चा उपरांत संघ ने लिया निर्णय



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अधिकारी कर्मचारी संघ भोरमदेव शक्कर कारखाना द्वारा, डीए बढ़ोतरी, क्रमोन्नति पदोन्नति, ग्रेजुएटी सहित अन्य मांगों को लेकर शुरू की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल आश्वासन के बाद संघ ने स्थगित कर दी है। इस संबंध में संघ से मिली जानकारी के अनुसार संघ के संरक्षक एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी सोमवार को हड़तालियों से रूबरू हुए एवं संघ के समक्ष उनकी मांगों को लेकर कारखाना के प्रबंध संचालक से चर्चा की। चर्चा के दौरान श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि कर्मचारियों की मांगे जायज है। उन्होने कहा कि संघ की मांगों को लेकर जल्द की उच्च अधिकारियों, शासन प्रशासन से इस दिशा में जल्द ही निर्णय लेने चर्चा की जाएगी। प्रबंध संचालक से चर्चा के निष्कर्ष उपरांत वर्तमान में कारखाना तथा किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए भोरमदेव शक्कर कारखाना अधिकारी कर्मचारी संघ ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल को स्थगित करते हुए अपने कार्य में जाने का ऐलान कर दिया। उक्त जानकारी नरेंद्र सिंहा अध्यक्ष भोरमदेव शक्कर कारखाना अधिकारी कर्मचारी संघ कवर्धा ने दी।

### दिव्य सुरभि महायज्ञ का भूमि ध्वज पूजन संपन्न



**कवर्धा।** नगर के निकटस्थ ग्राम घुघरी खुर्द में प्रदेश में सर्वप्रथम आयोजित होने वाले गौ रक्षणार्थ सुरभि पंचकुण्डीय रूद्र महायज्ञ का विशाल आयोजन आगामी नवम्बर माह के 06 तारीख से लेकर 14 नवम्बर तक किया जायेगा जिसका भूमि और ध्वज पूजन के साथ महागणपति अर्चन पंचांग सपर्या कर महाआयोजन का श्रीगणेश किया गया। इस धार्मिक आयोजन के तहत सर्वप्रथम समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति मे मुख्य वैदिक ब्राह्मणों के सानिध्य मे मुख्य धर्मायोजक गणेश तिवारी सपत्निक नेहा तिवारी के साथ आवाहित देवताओं का विधिवत पूजन संपन्न कर गौरकांपा से पधारे संत विवेकगिरी महाराज के साथ भूमि पूजन किया गया व सभी ग्रामवासियों द्वारा महायज्ञ के शुभारम्भ प्रतीक ध्वज को यज्ञ स्थल के मध्य प्रतिष्ठित किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में पधारे सभी ग्रामवासियों अतिथियों विशेषकर माताओं बहनो ने भी अच्छी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण, वन विकास निगम ने की कानूनी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

वन विकास निगम कवर्धा परियोजना मण्डल के मण्डल प्रबंधक पिताम्बर साहू के निर्देशन एवं उप मण्डल प्रबंधक श्रीमती दीपिका सोनवानी के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र पण्डरिया अंतर्गत बदौरा बीट के कक्ष क्रमांक पीएफ/1428 में वर्ष 2025 के सागौन वृक्षारोपण क्षेत्र में अवैध रूप से पौधों को उखाड़ने एवं वन भूमि पर अनाधिकृत अतिक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित एवं संगठित कार्रवाई की गई। प्राप्त सूचना के आधार पर परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार मेहरा एवं उनकी टीम जिसमें सहायक परियोजना क्षेत्रपाल देवसिंह भारद्वाज, क्षेत्ररक्षक दिनेश वर्मा, जसपाल सिंह मरकाम तथा विनायक मानव मरावी द्वारा स्थल निरीक्षण कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। जांच के उपरांत 01 अक्टूबर 2025 को ग्राम बदौरा के व्यक्तियों द्वारा कुल 9.000 हेक्टेयर संरक्षित वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण किये जाने के प्रकरण में राजू (35 वर्ष), लालु (37 वर्ष), जगदीश एवं भगवती (सभी निवासी ग्राम बदौरा) के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 33(1) क, ख, ग, घ, ज, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 03 एवं 04, तथा संरक्षित वन अधिनियम, 1960 की धारा 3(ए) के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर विधिवत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा सभी आरोपियों को 24 अक्टूबर 2025 तक न्यायिक अभिरक्षा में रखने का आदेश पारित किया गया है। वन विकास निगम द्वारा वन क्षेत्र के संरक्षण, सागौन वृक्षारोपण की सुरक्षा एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए निरंतर सतर्कता बरती जा रही है। निगम द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की किसी भी अवैध गतिविधि के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

### सरस्वती शिशु मंदिर स. लोहारा के विद्यार्थियों ने दर्ज की जीत




**स लोहारा।** सरस्वती शिशु मंदिर सहसपुर लोहारा के बाल व किशोर वर्ग के विद्यार्थियों ने विभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रांतीय योगासन बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयनिट टीम में तिलक, खिलेश, श्यामसुंदर, हितेश, वीरदास धात्री, धर्मनी, गुंजन, गीतांजलि, पोषण, इंद्रेश, दीपशिखर, हर्ष राजशी, प्रियांशी, झरना, सरस्वती विहार रायपुर गए वहां बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए छात्र तिलक, खिलेश श्यामसुंदर प्रथम स्थान छात्रा झरना, राजसी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं अन्य विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। खेल शिक्षक सहिबिन मानिकपुरी के मार्गदर्शन और बैतल साहू, हेमलता साहू के संरक्षण में प्रांत की प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि हांसिल की है।

# रवेली स्कूल की 64 छात्राओं को मिली नि:शुल्क सायकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭बिजई

शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली में उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2025 -26 का द्वितीय पालक शिक्षक बैठक का आयोजित किया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य त्रैमासिक परीक्षा परिणाम पर चर्चा कर विस्तृत जानकारी देना एवं बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय एवं पालक के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना था। बच्चों की सम्पूर्ण गतिविधियों से पालक एवं शिक्षक दोनों ही अवगत कराना, जिससे की बच्चों को सतत प्रेरणा एवं सही समय पर उचित मार्गदर्शन किया जा सके एवं शिक्षक एवं पालकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक माहौल बनाया जा सके जिससे एक ओर पढ़ाई के लिए प्रेरित हो तो वहीं दूसरी ओर पढ़ाई ,परीक्षा के दबाव में तनाव, अवसाद ग्रस्त न हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मंशानुरूप ड्राप आउट रोकने के लिए पालकों की भूमिका सुनिश्चित करना तथा शिक्षा में उच्च गुणवत्ता सुधार हेतु पालकों से सुझाव लेना भी चर्चा में शामिल किया गया। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती की तैलचित्र में दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया।




कार्यक्रम के अंत में कक्षा 9 वीं में अध्यनरत 64 छात्राओं को छत्तीसगढ़ शासन के महत्वकांक्षी योजना निःशुल्क सरस्वती सायकिल वितरण योजना के तहत शाला विकास समिति के अध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष राजेश साहू, दिनेश झारिया सरपंच प्रतिनिधि कपिल चंद्रवंशी, शिवकुमार साहू उपस्थित पालक एवं संस्था के प्राचार्य हरिनारायण पांडे , रासेयो प्रभारी जेके राजपूत, समस्त शिक्षक, ऑफिस स्टाफ और विद्यार्थीयो के उपस्थित में सायकिल प्रदान किया गया जिससे छात्राओं को विद्यालय आने जाने में किसी भी प्रकार का समस्या न हो।

सायकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं में खासी प्रसन्नता देखी गई।

**कामठी धान खरीदी केंद्र में लगभग 2300 क्विंटल धान का शॉर्टेज दर्ज**

# मुनमुना गांव में धान घोटाला आया सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा।

कवर्धा जिले के पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुकदूर थाना क्षेत्र के मुनमुना गांव में धान घोटाले का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, करीब तीन ट्रक धान अवैध रूप से डंप अवस्था में पकड़ा गया है।

प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या निष्पक्ष कार्रवाई होगी या मामला सत्ता के दबाव में दबा दिया जाएगा। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, धान पकड़े जाने के बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा आदिवासी समाज के लोगों को जातिगत गाली देने और सत्ता शासन का धौंस दिखाने की बात भी सामने आई है। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है। इधर, कामठी धान खरीदी केंद्र में लगभग 2300 क्विंटल धान का शॉर्टेज दर्ज है, जिससे संदेह गहराता जा रहा है कि मुनमुना में पकड़ा गया धान कहीं वही तो नहीं जो सोसायटी से गायब बताया जा रहा है। खास बात यह है कि जिसके घर से धान पकड़ा गया है, वह व्यक्ति कामठी सहकारी सोसायटी का अध्यक्ष बताया जा रहा है। यह पूरा मामला अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ग्रामीणों और आम नागरिकों में यह चर्चा है कि प्रशासन क्या सच्चाई सामने लाएगा या सत्ता का प्रभाव हावी रहेगा।



ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में धान की खरीदी देश में सबसे अधिक समर्थन मूल्य पर की जाती है, ऐसे में यह प्रकरण न केवल राज्य की धान नीति पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि सरकारी तंत्र की पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

# कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ली उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में राज्य पोषित एवं केंद्र पोषित योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति पर चर्चा की गई तथा आगामी कार्ययोजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक के दौरान राज्य पोषित योजनाओं के अंतर्गत समेकित उद्यानिकी विकास योजना, मसाला क्षेत्र विस्तार, नर्सरियों में बीज उत्पादन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। इसी प्रकार केंद्र पोषित योजनाओं के अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, आयल पाम मिशन, एग्रो फॉरेस्ट्री एवं राष्ट्रीय बागवानी मिशन की स्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई।

कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारियों द्वारा एक सप्ताह के भीतर प्रदाय आबंटन का शत-प्रतिशत व्यय सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी क्षेत्र में तेजी से प्रगति के लिए कार्यों में पारदर्शिता और गति आवश्यक है।

उन्होंने जिले में पॉली हाउस निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया, जिससे स्थानीय किसानों को नियंत्रित वातावरण में सब्जी एवं फूल उत्पादन के नए

